# 25 से 30 वर्ष की सेवापूर्ण करने के बाद परीक्षा लेना न्यायसंगत नहीं

## सभी संगठन हुए एक, एक आवाज में बोले शिक्षक परीक्षा रद्द हो



**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 6 अप्रैल।** आज शिक्षक समाज उस मोड़ पर खड़ा है, जहाँ उसकी साधना और उसकी गरिमा एक नई परीक्षा के सामने खड़ी दिखाई दे रही है। इसी भावभूमि में विभिन्न शिक्षक संगठनों से जुड़े शिक्षकों ने एक स्वर में अपनी बात रखते हुए कहा है कि टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त की जाए और इसे निरस्त किया जाए। शिक्षकों का मानना है कि यह केवल एक परीक्षा का प्रश्न नहीं, बल्कि उनके सम्मान, अनुभव और शिक्षा के मूल स्वरूप से जुड़ा विषय है। आन्दोलन को सफल बनाने के लिए इंदरगढ़ में अध्यापक संयुक्त मोर्चा की बैठक हुई। जिसमें शिक्षकों के पात्रता परीक्षा की श्रेणी आने के बाद भारी आक्रोश है। अध्यापक संयुक्त मोर्चा के आव्हान पर पूरे जिले में ब्लॉक स्तर पर ज्ञापन का आयोजन किया जाना है। 8 अप्रैल को जिलास्तर पर रैली एवं ज्ञापन होगा। इसको लेकर पदाधिकारियों ने सभी शिक्षकों से 8 अप्रैल को अधिक-अधिक संख्या में दतिया चलने का आव्हान किया।

### इन्होंने कहा

25 से 30 वर्ष की सेवापूर्ण करने के बाद हमारी परीक्षा लेना न्यायसंगत नहीं है। सभी शिक्षक अधिक से अधिक संख्या में दतिया पहुंचे।

**प्रदीप श्रीवास्तव**
जिलाध्यक्ष शिक्षक कांग्रेस

शिक्षकों का मानना है कि शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करना आवश्यक है, परन्तु इसके लिए केवल परीक्षा को ही आधार बनाना पर्याप्त नहीं है। अनुभव, समर्पण और निरंतर कार्य ही एक शिक्षक की वास्तविक पहचान हैं।

**कृष्णकांत शर्मा,** शिक्षक

हमने अपना जीवन शिक्षा को समर्पित किया है। अनुभव ही हमारी सबसे बड़ी योग्यता है, इसे किसी परीक्षा से मापना उचित नहीं है।

**राजेन्द्र कुमार यादव**
ब्लॉक अध्यक्ष शिक्षक संघ

आज सभी संगठन एक साथ खड़े हैं। यह केवल विरोध नहीं, बल्कि शिक्षक सम्मान की आवाज है।

**नीतू सिंह यादव**

विद्यालय की जिम्मेदारियों के साथ टीईटी की तैयारी करना अत्यंत कठिन हो जाता है, जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित होता है।

**आशा पांचाल**
शासकीय प्राथमिक विद्यालय
लिधौरा हवेली

हम सरकार से आग्रह करते हैं कि शिक्षक हितों को ध्यान में रखते हुए इस निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए।

**अजय लिटौरिया,** शिक्षक

यदि हमारी बात नहीं सुनी गई, तो शिक्षक समुदाय लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज को और सशक्त करेगा। सभी संगठनों की यह एकजुट आवाज यह संकेत दे रही है कि यह मुद्दा अब केवल प्रशासनिक निर्णय तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह शिक्षक समाज की गरिमा और आत्मसम्मान से जुड़ा व्यापक विमर्श बन चुका है।

**श्री शर्मा** शिक्षक

# विधायक ने किया मेला का उद्घाटन, दिये चार लाख

## इस पुरातन परंपरा को युवा पीढ़ी ने जिंदा रखा है : विधायक






**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़, 6 अप्रैल।** मेला हमारे सामाजिक जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है यह जीवन की एकसरता को समाप्त करके जीवन में प्रसन्नता भर देते हैं अन्य लोगों से मिलने का तथा अपनी संस्कृति को पहचानने का यह मेले सुअवसर प्रदान करते हैं ग्राम पड़री में आदिशक्ति पराम्बा भगवती मां दुर्गा देवी बड़ी माता का विशाल मेले का आयोजन किया गया और जवारों का दिव्य चल समारोह निकाला गया मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप अग्रवाल के द्वारा 5 अप्रैल की देर रात फीता काटकर मेला का उद्घाटन किया गया।

यह मेला मंच पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष राम लखन गुर्जर ए पूर्व मंडल अध्यक्ष अनूप दांतरे, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुजान सिंह रावतए मंडल उपाध्यक्ष दीपक तिवारी, डल्लू यादव, रामेश्वर धाकड़, पप्पू पाराशरा, शिशुपाल सिंह यादव, प्रतिपाल सिंह यादव, प्रदीप शर्मा थाना प्रभारी गोदन उपस्थित रहे। पप्पू पाराशर द्वारा विधायक प्रदीप अग्रवाल का माल्यार्पण साफा बांधकर शॉल श्रीफल देकर स्वागत किया गया।

उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि ग्राम पड़री में इस मेला की पुरातन परंपरा को यहां की युवा पीढ़ी जिंदा रखे हुए हैं मेला सभी भेदभाव बुलाकर लोगों को एक साथ लाते है जिससे प्रेम और भाईचारे की भावना बढ़ती है मेला के माध्यम से स्थानीय व्यापारियों को एक मंच मिलता है जहां वह व्यापार कर उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होती है और जीवन की भाग दौड़ के बीच मेला मनोरंजन और उमंग लाते हैं जो मानसिक ताजगी के लिए बहुत जरूरी है मेला मिल जुलकर रहने और हमारी संस्कृति पर गर्व करने की प्रेरणा देते हैं।

इस दौरान विधायक प्रदीप अग्रवाल ने मंच से गांव के विकास के लिए 25 से 50 लाख रुपए तक की राशि अपने कार्यकाल में देने की घोषणा कीए तथा मेला आयोजन समिति की मांग पर मेला मंच निर्माण के लिए चार लाख रुपए की घोषणा की और कहा कि मंच का शीघ्र निर्माण कराया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन शिशुपाल यादव द्वारा किया गया तथा आभार पूर्व सरपंच रोशन सिंह धाकड़ ने किया। तदुपरांत विधायक श्री अग्रवाल ने माता मंदिर में जाकर दर्शन किए एवं आयोजन समिति द्वारा आयोजित सहभोज कार्यक्रम में अतिथियों पार्टी कार्यकर्ताओं एवं ग्राम वासियों के साथ बैठकर भोजन किया। इस दौरान भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।



## सभी मण्डलों पर मना स्थापना दिवस

**दतिया, 6 अप्रैल।** जिले के सभी मंडलों एवं बूथ केन्द्रो पर भी भाजपा स्थापना दिवस मनाया गया और कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने निवास स्थान पर पार्टी का झंडा फहराया और सेल्फी लेकर अपनी फेसबुक आईडी पर अपना फोटू भी डाला इसी तरह भारतीय जनता पार्टी इंदरगढ़ ग्रामीण मण्डल में मण्डल के सभी बूथों पर स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान समर्पण निधि पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर जनपद सदस्य राम बहादुर सिंह गुर्जर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## विधायक अग्रवाल ने राजस्व अधिकारियों के साथ लिया फसलों का जायजा

**दतिया, 6 अप्रैल।** सेंवढा विधायक प्रदीप अग्रवाल ने सोमवार को सेंवढा विधानसभा के ओला प्रभावित गांव दिगुवां पहुँच कर राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारियो एवं ग्राम वासियों के साथ खेतों मे जाकर फसलों के नुकसान का जायजा लिया, उन्होंने कहा कि यहाँ भी किसानों को शत-प्रतिशत नुकसान हुआ है, खेतों में पानी भरा हुआ है बाल टूटकर बिखर गई है, इस अवसर पर उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि एक भी जरूरत मंद सर्वेक्षण में वंचित नहीं रहना चाहिए। उपस्थित ग्राम वासियों से उन्होंने कहा कि संकट की घड़ी में सरकार आपके साथ है ,जल्द सर्वे कराकर मुआवजा राशि जारी की जायेगी। इस अवसर बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसलें तबाह, किसानों ने मुआवजे की उठाई मांग

**भांडेर, 6 अप्रैल।** क्षेत्र में 4 अप्रैल की शाम को हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। इस प्राकृतिक आपदा से गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे किसानों में गहरी चिंता और आक्रोश व्याप्त है। प्रभावित किसानों की ओर से एसडीएम भांडेर सोनाली राजपूत को ज्ञापन सौंपकर नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की गई है। जापन में बताया गया कि ग्राम रिछोरा, बगनपुरा और मलौआ में लगभग 50 प्रतिशत फसल नष्ट हो गई है, जबकि ग्राम बगदेई और आस्ली सेमरी में करीब 80 प्रतिशत नुकसान हुआ है। वहीं पोरसा गांव में स्थिति बेहद गंभीर है, जहां 100 प्रतिशत फसल बर्बाद हो गई है। इसके अलावा सग्दका, बगदेही, बिल्हेटीपुरा, सकतपुरा और लहरहवेली गांवों में भी लगभग 70 प्रतिशत फसल नुकसान की बात सामने आई किसानों ने बताया कि उन्होंने कर्ज लेकर खेती की थी, ऐसे में फसल बर्बाद होने से उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। ज्ञापन मानसिंह कुशवाह,अरविंद दोहरे जिलाध्यक्ष, नारायण सिंह बौद्ध, हरिशंकर पाल, खरगेराम जाटव सालोन, प्रसेनजीत भास्कर विधायक प्रतिनिधि एवं जगन्नाथ सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



## उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बीआरसी आशीष सम्मानित

**दतिया, 6 अप्रैल।** जिला स्तरीय टी.एल. बैठक में आज कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े द्वारा सेवड़ा विकासखंड के बीआरसी आशीष कुमार कंचन को नवोदय परीक्षा, ओलंपियाड परीक्षा एवं एनएमएमएस परीक्षा में विकासखंड स्तर पर उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षय तेम्रवाल ने भी श्री कंचन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सेवड़ा विकासखंड का यह प्रदर्शन जिले के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने शिक्षकों एवं शिक्षा विभाग की टीम भावना की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देने की अपेक्षा व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि सेवढ़ा विकासखंड में विद्यार्थियों की नवोदय, ओलंपियाड एवं एनएमएमएस जैसी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में बढ़ती सफलता शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार का सकारात्मक संकेत है।

## राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ संगठन को आगे बढ़ाएं : कुशवाहा

### जिलाध्यक्ष रघुवीर ने कार्यालय पर फहराया पार्टी ध्वज

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 6 अप्रैल।** राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने और सेवा सुशासन एवं समर्पण के इस पथ पर निरंतर आगे बढ़ने का संकल्प आप सभी कार्यकर्ता लेकर जाएं और भारत विश्व गुरु कैसे बने इस विचारधारा पर काम करते चले अंतिम छोर के कार्यकर्ताओं से निरंतर संपर्क में रहे और अंतिम छोर के कार्यकर्ता को आगे लाने का काम भी करें जब अंतिम छोर का कार्यकर्ता आगे आएगा तभी पार्टी मजबूत होंगी। उक्त बात भाजपा जिलाध्यक्ष रघुवीर कुशवाहा ने पार्टी के 47 वें स्थापना दिवस पर ध्वजा रोहण करते हुए कही। भाजपा जिला कार्यालय पर महिला मोर्चा की पदाधिकारी ने तरह-तरह की रंगोली भी बनाई शाम के समय कार्यालय पर दीपदान का कार्यक्रम और मिष्ठान वितरण भी हुआ।

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री अतुल भूरे चौधरी पंकज गुप्ता, दिलीप बाल्मीकि,प्रवीण पाठक, राजू त्यागी, पुनीत टिलवानी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन 15 से

**दतिया, 6 अप्रैल।** जिला आपूर्ति अधिकारी दतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर औसत अच्छी गुणवत्ता (एफएक्यू) के गेंहूँ का उपार्जन शासन द्वारा घोषित समर्थन मूल्य 2585 रूपये प्रति क्विंटल एवं बोनस 40 रूपये की दर पर निर्धारित अवधि 15 अप्रैल 2026 से किया जाना है। जिले के समस्त कृषक अपने नजदीकी उपार्जन केन्द्र पर अपनी गेहूं की फसल विक्रय करने हेतु स्टॉट बुक कर अपनी फसल कर विक्रय कर सकते है, जिस हेतु कृषकों को स्लॉट बुकिंग की सुविधा उपार्जन प्रारंभ के लगभग एक सप्ताह पूर्व उपलब्ध रहेगी। पंजीकृत किसान स्वयं के मोबाईल, एमपी ऑनलाईन, सीएससी, लोक सेवा गारंटी, इंटरनेट कैफे आदि से स्लॉट बुक कर सकते हे। स्लॉट बुकिंग की वैधता 7 दिवस रहेगी।

# शिक्षक का बेटा चौथे ही प्रयास में बना आईएएस

## नगर आगमन पर गहोई वैश्य समाज ने किया सम्मान



**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़, 6 अप्रैल।** ग्राम दिगुवा के शिक्षक अशोक गुप्ता के सुपुत्र विश्वजीत गुप्ता ने चौथी प्रयास पर ही यूपीएससी परीक्षा 2025 में 67वीं रैंक हासिल कर आईएएस बने जिले एवं सेवढ़ा क्षेत्र का नाम रोशन किया इंदरगढ़ नगर आगमन पर गहोई वैश्य समाज के लोगों ने आज गहोई धर्मशाला स्वागत एवं सम्मान का आयोजन किया शिक्षक अशोक कुमार गुप्ता दिगुवा गांव के निवासी वर्तमान में दतिया निवास करते हैं।

चंबल क्षेत्रीय अध्यक्ष राजीव सेठ, सम्मान कार्यक्रम में नगर गहोई समाज अध्यक्ष राम प्रकाश गुप्ता एवं समाज के लोगों ने शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह बैठकर सम्मानित किया माता-पिता की प्रेरणा विश्वजीत गुप्ता ने बताया कि उनके माता-पिता शिक्षक हैं फिर भी उन्होंने मुझे शासकीय केंद्रीय विद्यालय दतिया 2 में शिक्षक ग्रहण करने के लिए कहा हाई स्कूल एवं इंटर पास कर दिल्ली में मैंने तैयारी की तीन प्रयास सफलता नहीं मिली माता-पिता द्वारा आगे बढ़ने का प्रेरणा मिलती रही चौथे प्रयास में सफलता प्राप्त हुई माता-पिता के त्याग और हौसले ने उन्हें अधिकारी बनने की राह दिखाई।

उनका मानना है कि माता-पिता के सहयोग के बिना वह इस मुकाम तक नहीं पहुँच पाते। इस मौके पर नगर गहोई अध्यक्ष रामप्रकाश रामप्रकाश गुप्ता। रामकुमार कुचिया राम प्रकाश कुचिया, रमेशचन्द्र विलैया, वैदेही शरण सरावगी, सन्तोष सावला, धीरज कुचिया, अध्यक्ष राकेश कुचिया राहुल हुका अशोक गेडा रिंक छिकाऊ वाले, रामनिवास नगरिया, राममिलन निगोतिया, जीतेन्दु इटोरिया, आशीष बडेरिया रामबिहारी गुप्ता, रूपेश गेडा, सोनू सरावगी, राजेन्द्र गुप्ता, नगर के वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप नाहर आदि समाज के लोग उपस्थित थे।

# भाजपा सरकार में सैकड़ों जनहितैषी योजनाएं धरातल पर उतरी है : शर्मा



### उनाव में मनाया स्थापना दिवस

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 6 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी मंडल उन्नाव मैं मनाया गया पार्टी का स्थापना दिवस कार्यक्रम में पितृपुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर विधिवत शुरुआत की गई मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य जीतू कमरिया एवं अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दिनेश घरावा ने की कमरिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ हुई हमारे पितृपुरुषों ने 1980 की दशक में बहुत संघर्ष किया तब जाकर आज एक छतनार वृक्ष तैयार हुआ है अपने अध्यक्षय उद्बोधन में दिनेश घरावा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा पार्टी आज 47 वां स्थापना दिवस मना रही है।

इस लंबी यात्रा में हमारे नेताओं ने इंदिराजी के दमनकारी शासन के खिलाफदेश के जनमानस में अलख जगाने का काम किया 1989 में राम रथ यात्रा के माध्यम से देश में माहौल बनाने का काम हुआ इस दौरान पार्टी में उत्तरोत्तर वृद्धि होती चली गई इसी दौरान तथाकथित बाबरी ढांचा भी विध्वंस किया गया उस समय की दिल्ली में कांग्रेस की सरकार ने हमारी चार राज्यों की सरकारों को अनैतिक प्रकार से हटा दिया था अटल बिहारी वाजपेई जी देश के तीन बार प्रधानमंत्री रहे इस दौरान पोखरण में धमाका किसान क्रेडिट कार्ड प्रधानमंत्री फोरलेन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क जैसी अनेक योजनाएं देश के जनमानस को मिली देश ने बह दौर भी देखा जब मनमोहन सिंह की सरकार में नित नए घोटाले हुआ करते थे और एक समय आदि कैबिनेट तिहाड़ जेल के अंदर थी जब देश भ्रष्टाचारियों से कराह रहा था तब नरेंद्र मोदी का उद्भव हुआ और प्रचंड बहुमत के साथ 2014 में भाजपा की सरकार बनी तब से लेकर अब तक सैकड़ों जनहितैषी योजनाएं धरातल पर उतरी हैं। कार्यक्रम को अटल बिहारी पटेरिया, महेंद्र सिंह यादव, अनूप तिवारी आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील पांडा एवं आभार अमित पटेल ने किया। इस अवसर पर लालाराम पाल, जयनारायण पांडा, रामरतन यादव, योगेंद्र सोलंकी, उदयभान गुर्जर, मोहित अहिरवार, रामजीवन नायक, श्याम पांडा, रघुनंदन यादव, अनिल पटेल, पुष्पेंद्र ठाकुर, खुशी रामपाल, आकाश राय रामपाल अहिरवार, कुशाल सिंह ठाकुर, ज्वाला पटेल, उधम परिहार आदि उपस्थित रहे।

# बेटी के जन्म को उत्सव के रूप में मनाएं : कलेक्टर



**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 6 अप्रैल।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत हमारा उद्देश्य बालिकाओं के जन्म और शिक्षा को बढ़ावा देना है। उन्होंने माताओं को बेटी जन्मोंत्सव किट भेंट करते हुए कहा कि यह किट नवजात बालिकाओं के स्वास्थ्य के लिए उपयोगी होगी। बेटी का जन्म एक खुशी का अवसर है इसे उत्सव के रूप में मनाना चाहिए। उक्त बात सोमवार को जिला चिकित्सालय दतिया में कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े ने बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना के तहत बेटी जन्मोत्सव किट वितरण करते हुए कही।

कलेक्टर ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत नवजात बालिकाओं की माताओं को बेटी जन्मोत्सव किट भेंट कर उनका स्वागत किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिका जन्म को बढ़ावा देना और लिंगानुपात में सुधार लाना रहा। इस अवसर पर डॉ. के.सी.राठौर, डॉ. दिनेश सिंह तोमर, जिला कार्यक्रम अधिकारी अरबिन्द उपाध्याय, प्रसूति रोग विशेषज्ञ विभागध्यक्षा डॉ श्वेता यादव ने नवजात बालिकाओं की माताओं को नवजात शिशु के लालन-पालन एवं स्वास्थ्य देखाभाल के संबंध में जानकारी दी।

# पंडोखर धाम में जयसिंह राजा ने मचाई धूम



**नवभारत समाचार**
**दतिया/खूजा, 6 अप्रैल।** पंडोखर सरकार धाम पर आयोजित 30 वाँ महोत्सव के चौथे दिवस सांस्कृतिक मंच पर बुन्देली लोकगीत कलाकार जयसिंह राजा ने अपनी प्रस्तुति देकर पंडोखर धाम में धूम मचा दी।

बुंदेलखंड के सुप्रसिद्ध हास्य गायक कलाकार के लोकगीत सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रोताओं की भीड़ रहीं। लोकगीत सुनने के लिए गुरुशरण महाराज भी करीब एक घंटे तक डटे रहे और जयसिंह राजा के हास्य लोकगीतों कों सुनकर हंस-हंसकर लोटपोट होते दिखे इसके बाद उन्होने एक से बढ़कर एक हास्य लोकगीत सुनाये जिन्हें सुन श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए। इस मौके पर महाराज गुरशरण, पंडोखर थाना प्रभारी रिपुदमन सिंह राजावत, भांडेर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष बल्ले रावत, मुकेश गुप्ता, सोनू शर्मा आदि थे।

### देवकीनंदन ठाकुर एवं करौली सरकार आज आएंगे

ज्ञान संचार दतिया पण्डोखर पीठाधीश्वर श्री गुरु शरण जी महाराज के साहित्य में आयोजित 30वें पण्डोखर धाम महोत्सव एवं श्रीराम महायज्ञ में 07 अप्रैल को श्रीधाम वृंदावन के सुविख्यात कथा व्यास एवं श्री प्रियकांतजू मंदिर के संस्थापक पं. देवकी नंदन ठाकुर जी पण्डोखर आएंगे। साथ ही कानपुर उत्तर प्रदेश के करौली सरकार पण्डोखर धाम में आयोजित 30 वें पण्डोखर धाम महोत्सव एवं श्रीराम महायज्ञ में मंगलबार 07 से 15 अप्रैल तक आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेंगे।



## कांग्रेस ने की मुआवजे मांग, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**दतिया, 6 अप्रैल।** जिले के सेंवढ़ा एवं भाण्डेर विधानसभा क्षेत्रों में हाल ही में हुई भीषण ओलावृष्टि और तेज बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। पकी हुई गेहूं की फसल पूरी तरह बर्बाद होने से किसान गहरे संकट में आ गए हैं। इस संबंध में सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर किसानों की ओर से त्वरित राहत एवं मुआवजे की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया कि ओलावृष्टि और बारिश के कारण इस वर्ष फसल उत्पादन में भारी गिरावट आई है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हुई है। किसानों ने मांग की है कि प्रभावित फसलों का शीघ्र सर्वे कराकर उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। इस दौरान कॉग्रेंस जिलाध्यक्ष अशोक दांगी ,जिला संगठन महासचिव नरेंद्र गुर्जर, रामकुमार मोगिया, स्वामी शरण कुशवाहा सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।


### आम-सूचना

श्रीमती संगीता पत्नी श्री अनिल अहिरवार के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम बसई, प.ह.नं. 64, रा.नि.मं. बसई, तहसील व जिला दतिया (म.प्र.) है जो भूमि सर्वे क्र. 1426/2 ग्राम बसई का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में भूमि विक्रेता, पश्चिम में भूमि विक्रेता, उत्तर में भूखण्ड कुसुम पाल एवं दक्षिण में- रास्ता 30 फुट चौड़ा है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री रामदीन पुत्र श्री सुल्ले अहिरवार एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री रामदीन द्वारा सम्पत्ति रकवा 2.0035 हैक्टेयर एरिया श्री सत्यनारायण मिश्रा पुत्र श्री रघुवर दयाल मिश्रा, श्री पुष्पेन्द्र पुत्र श्री रमेश, श्री पुष्पेन्द्र कुमार पुत्र श्री राम सिंह एवं श्री अनिल कुमार पाठक पुत्र श्री एस.एल. पाठक को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी22 आईजीआर 17182025 ए100120003 दिनांक 27.02.2025 से विक्रय की गई। श्री सत्यनारायण द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती संगीता पत्नी श्री अनिल अहिरवार को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्रमांक एमपी22आईजीआर 17182025ए100963609 दिनांक 28.10.2025 से विक्रय की गई। श्रीमती संगीता द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान टायगर होम फायनेन्स प्राइवेट लिमिटेड, दतिया के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृप्या सूचित हो।

प्रेषक : **नीरज जैन** (एडवोकेट)
**कार्यालय- भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710**